snmrsmbxr.com

1. विश्वविद्यालय पत्रांक 855/19 दिनांक 01.07.19 के आलोक में श्री निवास मुकुन्द रामानुज संस्कृत महाविद्यालय, बसांवकला, बिहार के अंतर्गत विभिन्न विषयों में शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों के राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत और रिक्त पदों पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान के आधार पर शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों के रूप में सेवा देने के इच्छुक पदानुरूप परिनियत योग्यताधारी भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, जो महाविद्यालय के ई-मेल आई०डी० snmrsc@gmail.com पर दिनांक 10.11.2019 तक प्राप्त हो जाना चाहिए। साथ ही आवेदन की हार्ड कॉपी सचिव/प्रधानाचार्य के पदनाम से 11.11.2019 तक डाक द्वारा पहुँच जाना चाहिए। बिहार सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग, संकल्प ज्ञापांक 11/आ०नी०-1-1-11/2015 सा०प्र० 963 दिनांक 20.01.2016के निर्णय के अनुसार अनारक्षित तथ विभिन्न कोटि के आरक्षित रिक्त पदों की स्थिति इस प्रकार है :-

| क्र० सं० | पद | वेतनमान | विषय | कोटि | अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सहायक प्राचार्य | 15600-39100 ग्रेड पे-6000 | साहित्य विषय में दो पद | समान्य-1 पद अ०पि०वर्ग- 1 पद | संबंधित विषय में आचार्य न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक के साथ एवं बेट/नेट/सेट अथवा 2009/16 रेगुलेशन से पी०एच०डी० |
| 02 | सहायक प्राचार्य | 15600-39100 ग्रेड पे-6000 | वेद | समान्य एकल पद | संबंधित विषय में आचार्य न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक के साथ एवं बेट/नेट/सेट अथवा 2009/16 रेगुलेशन से पी०एच०डी० |
| 03 | सहायक प्राचार्य | 15600-39100 ग्रेड पे-6000 | संस्कृत एम०ए० | समान्य एकल पद | 55 प्रतिशत अंक के साथ संस्कृत में एम०ए०एवं बेट/नेट/सेट अथवा 2009/16 रेगुलेशन से पी०एच०डी० |
| 04 | सहायक प्राचार्य | 15600-39100 ग्रेड पे-6000 | हिन्दी | समान्य एकल पद | 55 प्रतिशत अंक के साथ हिन्दी में एम०ए० एवं बेट/नेट/सेट अथवा 2009/16 रेगुलेशन से पी०एच०डी० |
| 05 | सहायक प्राचार्य | 15600-39100 ग्रेड पे-6000 | इतिहास | समान्य एकल पद | 55 प्रतिशत अंक के साथ इतिहास में एम०ए० एवं बेट/नेट/सेट अथवा 2009/16 रेगुलेशन से पी०एच०डी० |

**शिक्षकेतर कर्मी**

| क्र० सं० | पद | वेतनमान | विषय | कोटि | अर्हता | अतिरिक्त योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | रात्रि प्रहरी | 4440-7440 ग्रेड पे- 1300 | - | अ०पि०वर्ग- 1 पद | मैट्रिक या समकक्ष | साईकिल चलाने की योग्यता एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ |

snmrsmbxr.com

2. आरक्षण :- आवेदन पत्र में नियम कमांक के अधीन इंगित आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। आरक्षण की सुविधा उन्हीं अभ्यर्थियों को मिलेगी जिनका स्थायी निवास बिहार राज्य में है अथात जो बिहार के मूल निवासी है। बिहार राज्य में बाहर के निवासी अभ्यर्थी आरक्ष के लाभ हेतु दावा नहीं कर सकेंगे।

3. उम्र सीमा :- सहायक प्राचार्य के लिए विज्ञापन तिथि को न्यूनतम आयु 22 वर्ष लेकिन 55 वर्ष से अधिक नहीं। शिक्षकेतर कर्मियों हेतु विज्ञापन तिथि को न्यूनतम आयु 18 वर्ष लेकिन 37 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष एवं कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार, विभाग, बिहार, पटना की संकल्प सं0- 62, दिनांक 05.11.2017 के आलोक में दिव्यांगता के आधार पर दिव्यांगों को 10 वर्षो की छूट अनुमान्य होगी। सा0 महिला एवं OBC/EBC को 3 वर्षो की अधिकतम आयु सीमा में छूट होगी।

शुल्क - सहायक प्राचार्य पद हेतु आवेदन शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 2000/- रूपये एवं आराक्षित वर्ग के आवेदकों के लिए 1500/- रूपये देय होगा।

रात्रि प्रहरी पद हेतु आवेदन शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 1000/- रूपये एवं आरक्षित वर्ग के लिए 800/- रूपये देय होगा।

IFSC CODE- SBIN0001227

आवेदन शुल्क :- प्रधानाचार्य खाता सं0 33110282951, बैंक भारतीय स्टेट बैंक, शाखा मेन रोड, बक्सर में निर्धारित तिथि तक जमा कर सहायक प्रचार्य अन्तर्वीक्षा के समय प्रपुरित मूल आवेदन पत्र, बैंक रसीद की मूल प्रति तथा समस्त शैक्षणिक अभिलेख की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति (दो प्रतियों में) साथ लाना अनिवार्य होगा। शुल्क के रूप में बैंक ड्राफ्ट, चेक आदि स्वीकार नहीं होगा।

नोट :- शासीनिकाय आवेदन शुल्क परिवर्तन के लिए स्वतंत्र है।

4. रात्रि प्रहरी लिखित परीक्षा के एक दिन पूर्व कार्यालय समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक प्रपुरित मूल आवेदन पत्र, बैंक रसीद की मूलप्रति तथा समस्त शैक्षणिक अभिलेख की मूल प्रति सत्यापन हेतु एवं स्वतप्रमाणित छायाप्रति (दो प्रतियों में) साथ लाना अनिवार्य होगा। शुल्क के रूप में बैंक, ड्राफ्ट, चेक आदि स्वीकार नहीं होगा।

5. यद्यपि अभ्यर्थियों को पी-एच0डी0/एम0/फिल0 डिग्री का लाभ मिलेगा, तथापि अभ्यर्थी या तो एम0/फिल0 या तो पी0-एच0डी0 का लाभ का दावा करने का पत्र होगा, दोनों कदापि नहीं।

6. ग्रेड बिन्दुओं के समतुल्य प्रतिशत में संपरिवर्तन संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा विनिश्चित संपरिवर्तन फार्मूला के अनुार किया जायेगा। परन्तु जहाँ विश्वविद्यालय/बोर्ड द्वारा ग्रेड बिन्दुओं का समतुल्य प्रतिशत संपरिवर्तन फार्मूला विनिश्चत नहीं किया गया तथा जहाँ ग्रेड बिन्दु प्रणाली नहीं अपनायी जाती हो, वहाँ शैक्षणिक मेधा के लिए अंकों का विनिश्चय राजभवन पटना के मेमो नं0 बी0एस0यू0-25/14-1359/जी0एस0 (1) दिनांक 11.09.2014 में संलग्न अनुसूची (Schedule) i, ii, iii, एवं iv के अनुसार किया जायेगा।

7. आरक्षण रोस्टर :- अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत रिक्त तथा आरक्षण रोस्टर के आधार पर मेधा सूची तैयार की जाएगी। शैक्षणिक अर्हता तथा साक्षात्कार के आधार पर प्राप्त अंक एक समान होने पर ऐसे अभ्यर्थियों को उन्हें शैक्षणिक अर्हता में अधिक अंक प्राप्त हुआ हो मेधा सूची में उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा। शैक्षणिक अर्हता का प्राप्तांक समान होने की स्थिति में जो उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा और ऐसे अभ्यर्थियों की जन्मतिथि समान होने पर अभ्यर्थी जिनका नाम देयनागरी लिपि में वर्णकम में प्रथम हो अन्तिम मेधा सूची में जन्मतिथि समान होने पर अभ्यर्थी जिनका नाम देयनागरी लिपि में वर्णकम में प्रथम हो अन्तिम मेधा सूची में उसे उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा।

8. अंतिम तिथि :

क. आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्ति की अन्तिम तिथ 11.11.2019 सायं चार बजे होगी।

ख. अन्तर्वीक्षा के लिए चयनित योग्य अभ्यर्थियों की सूची महाविद्यालयीय वेबसाईट () पर अपलोड किया जायेगा। इस सूची को देखकर अभ्यर्थी तिथि को अन्तर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए निर्धारित स्थल पर उपस्थित होंगे। अन्तर्वीक्षा के लिए किसी भी प्रकार का पत्राचार पृथकतया नहीं किया जायेगा। अन्तर्वीक्षा के लिए यात्रा-व्यय अभ्यर्थी द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा।

ग. आवेदन पत्र की स्कैन की हुई कॉपी एवं आवेदन शुल्क जमा रसीद की स्कैन की हुई कॉपी निर्धारित तिथि के अंदर मेल आई०डी० पर प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

घ. सहायक प्राचार्य -अभ्यर्थी की योग्यता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित अद्यतन योग्यता मानी जायेगी। तथा बिहार सरकार के आरक्षण नियमों का पालन किया जायेगा।

ङ. विशेष परिस्थिति में किसी भी विषय की अन्तर्वीक्षा/चयन नियुक्ति को आंशिक या पूर्णरूप से निरस्त करने का अधिकार शासीनिकाय को होगा।

9. परीक्षा (a) आचार्य/शिक्षक – के लिए लिखित परीक्षा नहीं आयोजित की जाएगी।
(b) रात्रि प्रहरी के लिए 100 अंकों एवं 2:00 घंटे की परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा केन्द्र महाविद्यालय मुख्यालय में होगी।

10. निर्देश :-

(a) निर्देश को सावधानीपूर्वक पढ़ने के बाद ही आवेदन प्रपत्र पूर्णरूप से भरें।

(b) आवेदन महाविद्यालय वेबसाइट पर निर्धारित प्रपत्र में A4 साईज के कागज पर मुद्रित अथवा टंकित कराकर अपनी लिखावट में भरें। जो लागू न हो उसके समाने क्रॉस का निशान (x) लगायें।

(c) निर्धारित प्रपत्र से अलग और हस्तलिखित प्रपत्र में पूरित आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(d) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदो के लिए आवेदन करना चाहें तो वे प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग शुल्क के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करें।

सचिव/ प्रधानाचार्य

सचिव

श्री निवास मु० रा० सं० महा०
बतीब कलॉ बक्सर

विज्ञापन प्रारूप

श्री निवास मुकुन्द रामानुज संस्कृत महाविद्यालय बसांव कला, बक्सर (कामेश्वरसिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, कामेश्वरनगर, दरभंगा के सम्बद्ध इकाई)

विज्ञापन- 03/2019

श्री निवास मुकुन्द रामानुज संस्कृत महाविद्यालय बसांव कला, बक्सर के अंतर्गत विभिन्न पदों पर आचार्य/शिक्षक चतुर्थ वर्गीय कर्मी के स्वीकृत और रिक्त पदों पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान के आधार पर सेवा देने के इच्छुक पदानुरूप परिनियत योग्यताधारी भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रपत्र में 10.11.19 तक आवेदक आमंत्रित किये जाते हैं।

विस्तृत जानकारी तथा आवेदन www.snmrsmbxr.com (महाविद्यालय वेबसाईट) पर अवलोकनीय है।

सचिव

सचिव
श्री निवास मु॰ रा॰ सं॰ महा॰
बसांव कलां बक्सर